**SET - II**

# SUMMATIVE ASSESSMENT - I - 2016 - 2017

## Second Language - HINDI

## PART - A & B

**Class : IX ]** **(Max. Marks : 80)** **[ Time : 2.45 mts.**

---

**Marks : 60 ]** **PART - A**

***सूचना :-*** **1) प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय निर्धारित है ।**

**2) भाग - A के प्रश्नों के उत्तर – उत्तर पुस्तिका में लिखिए ।**

**3) भाग - A के लिए दो घंटे का समय निर्धारित है ।**

**I. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए । प्रत्येक उपभाग (1, 2, 3, 4) के लिए पाँच (5) अंक निर्धारित हैं ।**

**1. निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए ।**

सितंबर, 2009 में संयुक्त राष्ट्रसंघ में युगरत्ना श्रीवास्तव ने भाषण देते हुए इस तरह कहा-हिमालय पिघलता जा रहा है । ध्रुवीय भालू मरते जा रहे हैं । हर पाँच में से दो व्यक्तियों को पीने का साफ पानी नहीं मिलता ह । आज हम उन पेड़-पौधों को खोने की कगार पर है, जो लुप्त होते जा रहे हैं ।

**प्रश्न :-** **5 x 1 = 5**

1) युगरत्ना श्रीवास्तव ने कहाँ भाषण दी ?

2) हिमालय की स्थिति कैसी है ?

3) कौन से जानवर मरने जा रहे हैं ?

4) क्या लुप्त होते जा रहे हैं ?

5) यह गद्यांश किस पाठ से दिया गया हैं ?

**2. निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों से चुनकर कोष्ठक में लिखिए ।**

वरदराज की पढ़ाई फिर से आरंभ हुई । अब उसे भूख और प्यास की सुध नहीं रही । वह रात को देर तक पढ़ता और प्रातः गुरु को पाठ सुनाता एक पल भी नहीं गँवाता । फिर क्या ! देखते देखते वह विद्वान बन गया । बाद में यही वरदराज देवगिरी के राजा महादेव की सभा में महापंडित के पद पर नियुक्त हुआ । संस्कृत के प्रसिद्ध विद्वान पाणिनी के व्याकरण की टीका 'लघु सिद्दांत कौमुदी' का लेखक यही वरदराज था ।

**प्रश्न :-** **5 x 1 = 5**

1) किसकी पढ़ाई फिर से आरंभ हुई ? [ ]

A) श्यामराज B) मुल्कराज

C) रामराज D) वरदराज

2) वरदराज को किस का सुध नहीं था ? [ ]

A) भूख और प्यास B) खेल - कूद

C) सैर - सपाट D) नाच - गान

3) वरदराज किस को पाठ सुनाता था ? [ ]

A) शिष्य B) सहपाठी

C) गुरु D) मित्र

4) वरदराज ने कौन-सा ग्रंथ लिखा ? [ ]

A) लघुसिंद्धात कौमुदी B) रामायण कल्पवृक्ष

C) सहस्त्र फण D) अभिज्ञान शाकुंतलम

5) विद्वान शब्द का लिंग बदलिए । [ ]

A) विद्वानी B) विदुषी

C) विद्वांसा D) विदूषा

**3. निम्न लिखित पद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए ।**

होंठों पे सचाई रहती है,
जहाँ दिल में सफाई रहती है ।
हम उस देश के वासी है,
जिस देश में गंगा बहती है ।
मेहमाँ जो हमारा होता है
वो जान से प्यारा होता है ।।

**प्रश्न :** **5 x 1 = 5**

1. भारतीयों के होंठों पर क्या रहती है ?
2. भारतीयों के दिल में क्या रहती है ?
3. जिस देश में गंगा बहती है, उस देश वासियों को क्या कहते हैं ?
4. भारतीयों के लिए जान-से प्यारा कौन है ?
5. इस गीत के गीतकार कौन हैं ?

**4. निम्न लिखित पद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों से चुनकर कोष्टक में लिखिए ।**

झर-झर झर-झर झरता झरना,
आलस कभी न करता झरना ।
थक कर कभी न सोता झरना,
प्यास सभी की हरता झरना ।।

**SET - II**

**प्रश्ना :-** **5 x 1 = 5**

1) झरना कैसे झरता है ? [ ]

A) झर-झर B) टर-टर
C) कल-कल D) थर-थर

2) झरना क्या नहीं करता है ? [ ]

A) जल्दी B) तेज C) आलस D) धीमी

3) थक कर कभी कौन नहीं सोता है ? [ ]

A) नदी B) तालाब
C) पतंग D) झरना

4) झरना क्या हरती है ? [ ]

A) भूख B) प्यास C) दर्द D) पीड़ा

5) 'सोता' शब्द का विलोम शब्द क्या है । [ ]

A) जागता B) रोता C) हँसता D) खेलता

**II. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए । 6 x 3 = 18**

5. 'प्रकृति की सीख' कविता के कवि के बारे में लिखिए ?
6. भारतीय मेहमानों का आदर कैसे करते हैं ?
7. राजा क्यों अस्वस्थ हुआ ?
8. संयुक्त राष्ट्रसंघ में युगरत्ना ने कौन से प्रश्न पूछे ?
9. ईशान कैसा बालक है ?
10. बच्चों के जीवन में पाठशाला की क्या भूमिका होनी चाहिए ।

**III. किसी एक प्रश्न का उत्तर छः या आठ पंक्तियों में लिखिए । 6**

11. शैलेंद्रकुमार ने अपने गीत में भारतीयों के बारे में क्या बताया हैं ?
12. मानव प्रकृति से क्या सीखता है ?

**IV. किसी एक प्रश्न का उत्तर छः या आठ पंक्तियों में लिखिए । 6**

13. गानेवाली चिडिया ने मेहनत करनेवालों की सेवा कैसे की ?
14. खेल मनोरंजन का साधन है । कैसे ?

**V. किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए ।** **5**

15. आवश्यक पुस्तक खरीदने के लिए पैसे माँगते हुए पिताजी के नाम पत्र लिखिए ।

16. तीर्थयात्रा पर जाने के लिए पाँच दिन की छुट्टी माँगते हुए प्रधानाध्यापक के नाम पर पत्र लिखिए ?

**VI. किसी एक विषय पर निबंध लिखिए ।** **5**

17. ''वृक्ष ही पर्यावरण के रक्षण कवच हैं ।'' अपने शब्दों में लिखिए ।

18. हिन्दी देश को जोड़नेवाली कड़ी है । इस पर निबंध लिखिए ।

# SUMMATIVE ASSESSMENT - I - 2016 - 2017

## Second Language - HINDI

## PART - B

**Class : IX ]** **(Max. Marks : 20)**

**Name of the Student : ................................. Roll No : .............. Section :...............**

| शैक्षिक मापदंड | अर्थग्राह्यता – प्रतिक्रिया | अभिव्यक्ति – सृजनात्मकता | | भाषा की बात | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| | | स्वरचना | सृजनात्मकता | | |
| **कुल अंक** | 20 | 30 | 10 | 20 | 80 |
| **प्राप्तांक** | | | | | |
| **श्रेणी** | | | | | |

***सूचना*** **:- 1) भाग - B के प्रश्नों के उत्तर, प्रश्न पत्रिक में ही लिखिए ।**

**2) भाग - B के लिए $\frac{1}{2}$ घंटे का समय निर्धारित है ।**

***विशेष सूचना*** **:- 1) सभी प्रश्नों के अंक समान है ।**

**2) 1 से 20 तक उचित उत्तर का कैपिटल लेटर चुनकर सामने दिये गये कोष्टक में लिखिए ।**

**3) काटे हुए या बदले हुए उत्तरों को अंक नहीं दिये जायेंगे ।**

**सूचना :- निर्देश के अनुसार उत्तर दीजिए ।** **20 x 1 = 20**

1. गैरों को भी अपनाया हमने ।
**(रेखांकित शब्द का अर्थ पहचानिए ।)** [ ]
A) पराया B) अपना C) संबंधी D) रिश्तेदार

2. दरबार में सभी लोग उपस्थित थे ।
**(रेखांकित शब्द का विलोम शब्द पहचानिए ।)** [ ]
A) अपस्थित B) पस्थित C) प्रपस्थित D) अनुपस्थित

3. चिडिया मधुर स्वर में गाती थी ।
**(रेखांकित शब्द का तत्सम रुप पहचानिए ।)** [ ]
A) मदुर B) माधुर्य C) मादुरी D) मधुरता

4. वह एक अबोध बालक है ।
**(रेखांकित शब्द में उपसर्ग पहचानिए ।)** [ ]
A) अब B) अबो C) ध D) अ

5. हिमालयों की <u>सुंदरता</u> देखने लायक है । [ ]

A) ता B) सुं C) रता D) सुंद

6. सैनिक <u>निराश</u> हो गये थे ।
**(रेखांकित शब्द किन दो शब्दों से बना है ?)** [ ]

A) निर् + आशा B) निः + आशा
C) नी + आशा D) निरा + श

7. रमेश के <u>माता पिता</u> स्वर्ग सिधारे ।
**(रेखांकित शब्द का समास पहचानिए ।)** [ ]

A) द्वंद्व समास B) तत्पुरुष समास
C) कर्मधारय समास D) द्विगु समास

8. '1947' अक्षरों में पहचानिए । [ ]

A) उन्नीस सौ सैंतीस B) उन्नीस सौ पैंतालीस
C) उन्नीस सौ सैंतालीस D) उन्नीस सौ बयालीस

9. रामदेव अपने भाई के साथ गाँव में रहता है ।
**(वाक्य में संज्ञा शब्द पहचानिए ।)** [ ]

A) के साथ B) रहता C) अपना D) रामदेव

10. मैं हरदिन पाठशाला जाता हूँ । **(सर्वनाम शब्द पहचानिए ।)** [ ]

A) हरदिन B) मैं C) पाठशाला D) जाता हूँ

11. खजूर के फल बहुत मीठे होते है । **(विशेषण शब्द पहचानिए ।)** [ ]

A) मीठे B) खजूर C) फल D) होते हैं

12. आसमान में मंडल बनाकर पक्षी उड़ते हैं । **(क्रिया पहचानिए ।)** [ ]

A) मंडल B) पक्षी C) उड़ते D) आसमान

13. साँप को देखते ही अचानक सब लोग दौडे ।
**(क्रिया विशेषण पहचानिए ।)** [ ]

A) अचानक B) साँप C) दौडे D) देखते ही

14. पवन कल्याण सब का प्रिय अभिनेता है ।
**(रेखांकित शब्द लिंग बदलने पर ।)** [ ]

A) अधिनेता B) अभिनेती C) अभिनाती D) अभिनेत्री

15. पेड़ की शाखा ऊपर है । **(बहुवचन वाक्य पहचानिए ।)** [ ]

A) पेड़ की शाखें ऊपर हैं । B) पेड़ की शाखों ऊपर हैं ।
C) पेड़ की शाखाएँ ऊपर हैं । D) पेडों की शाखें ऊपर हैं ।

16. राजा सुंदर महल ________ रहता था ।
**(उचित कारक चिह्न पहचानिए ।)** [ ]

A) के B) का C) ने D) में

17. शुद्ध रूप पहचानिए । [ ]

A) मैं हर रोज मिठाई खाता हूँ ।
B) मैं हर रोज मिठाई खाते हैं ।
C) मैं हर रोज मिठाई खाता है
D) मैं हर रोज मिठाई खाता हो ।

18. सहीक्रम वाला वाक्य पहचानिए । [ ]

A) भालू मरते ध्रुवीय जा रहे हैं ।
B) मरते जा रहे हैं भालू ध्रुवीय ।
C) जा रहे हैं ध्रुवीय भालू मरते
D) ध्रुवीय भालू मरते जा रहे हैं ।

19. राजू एक मेधावी छात्र था । काल पहचानिए । [ ]

A) भूतकाल B) वर्तमान काल
C) भविष्यत्काल D) हेतु हेतु मर् भूतकाल

20. मेहमान जान से प्यारा होता है । मुहावरे का अर्थ बताइए । [ ]

A) बहुतप्रिय होना B) खुश होना
C) बुरा लगना D) जान निकालना